तापमान

अधिकतम 35 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 पीलिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर




## खबर संक्षेप

### संविदा पदों पर भर्ती पात्र-अपात्र सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत गैर शासकीय संस्था द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के शासकीय संस्था के रूप में संचालन के लिए संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से 12 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा कर तत्संबंध में 19 मार्च तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात प्रत्येक पद के लिए वरियता क्रम के 5 अभ्यर्थियों को मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पत्नी की हत्या कर हुआ था फरार

**अम्बिकापुर।** पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी पति को लुण्ड्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी की हत्या भोजन नहीं बनाने के बात को लेकर किया था। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने 8 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था।

## खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

# होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग, दो प्रतिष्ठानों में छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को लेकर खाद्य विभाग ने सख्ती दिखाते हुए संयुक्त जांच अभियान चलाया।

गुरूवार को खाद्य विभाग की टीम ने मनेन्द्रगढ़ और चैनपुर क्षेत्र के होटलों का निरीक्षण किया। इसमें दो प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग पाए जाने पर उसे मौके पर ही जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल में खाद्य



अधिकारी मनेन्द्रगढ़, सहायक खाद्य अधिकारी मनेन्द्रगढ़ तथा खाद्य निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ शामिल रहे। टीम द्वारा जिले के कुल तीन होटलों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान चंदन होटल, चैनपुर में एक नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का उपयोग खाना बनाने के लिए किया जाना पाया गया। इसी प्रकार हाईवे होटल, चैनपुर में भी एक नग घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्य में किया जाना पाया गया। जांच दल ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू रूंधन के रूप में किया जाना नियमानुसार निर्धारित है।

यह कार्रवाई चंदन होटल के संचालक बाबूलाल शाह तथा हाइवे होटल के संचालक अशोक दास की उपस्थिति में विधिवत पंचनामा एवं जब्तीनामा तैयार कर की गई। वहीं हजारी होटल, मुख्य बाजार मनेन्द्रगढ़ के निरीक्षण के दौरान घरेलू ⏭ शेष पेज 4 पर

## बैकुंठपुर रोड स्टेशन मास्टर की बाइक पार, जुर्म दर्ज

**चरचा कॉलरी।** जिले के बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर से स्टेशन मास्टर की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ति ने थाना चरचा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज किशोर पिता स्व. सिंहेश्वर प्रसाद निवासी पटना थाना पटना जिला कोरिया, वर्तमान में कटोरा रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 3 मार्च की रात्रि लगभग 12 बजे बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में रिलीविंग ड्यूटी के लिए अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीके 2605 खड़ा कर ड्यूटी करने अंदर चले गए। जब उनकी ड्यूटी समाप्त हुई और वह सुबह करीब 8:30 बजे घर जाने के लिए स्टेशन के बाहर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक वहां नहीं थी। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चल पाया, तो उन्हें आशंका हुई कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है। घटना के कुछ दिन बाद 7 मार्च को राज किशोर थाना चरचा पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कोरिया कॉलरी क्षेत्र में बंदरों का आतंक

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में अपनी नानी के साथ घूम रहे 5 साल के एक मासूम बच्चे पर बंदरों के झुंड ने



हमला कर दिया, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपनी नानी के साथ घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों ने शिवम सिंह उम्र 5 वर्ष के कपड़े फाड़ दिए और उसे घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर बच्चे को बचाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरिया कॉलरी क्षेत्र में पिछले काफी समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर रहे हैं, घरों में घुसकर सामान नुकसान पहुंचा रहे हैं और बच्चों व बुजुर्गों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी वन विभाग केवल आश्वासन देता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर नहीं छोड़ा गया, तो भविष्य में कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

## पहला राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की पहली राष्टीय लोक अदालत 14 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर जिला कोरिया एवं सिविल न्यायालय मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर न्यायालयों में एवं जिला एमसीबी के राजस्व न्यायालयों में आयोजित होगी।

इस दिन न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बड़े ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाएगा। लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, दीवानी, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण के मामले, बैंक एवं बिजली से संबंधित मामले, निष्पादन मामले, पारिवारिक प्रकरण तथा बैंक से संबंधित ऐसे मामले जो अभी न्यायालय में पेश नहीं हुए हैं उनका भी निराकरण किया जाना है। राष्टीय लोक अदालत की तैयारी के संबंध में एक माह पूर्व से तैयारी प्रारंभ हो गई है, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश पारीक ने सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ता संघ के साथ कलेक्टर कोरिया एवं जिला कलेक्टर एमसीबी, पुलिस अधीक्षक बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ के साथ बैठक आयोजित कर इस राष्टीय लोक अदालत में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण को रखे जाने एवं प्रकरण के निराकरण में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है।










## खबर संक्षेप



### पण्डो समाज को ग्रामसभा के प्रस्ताव पर जाति प्रमाण पत्र देने की मांग

**अम्बिकापुर।** पण्डो समाज के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष उदय पण्डो एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सनमान पण्डो ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप स्टेट सेटलमेंट विहीन समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया को सरलीकरण करने एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव पर प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। उदय पण्डो ने बताया विकासखण्ड अम्बिकापुर, लखनपुर एवं उदयपुर में बड़ी संख्या में पंडो समाज के लोग प्रारंभ से निवासरत हैं। जागरूकता के अभाव में पण्डो परिवारों के पास सरगुजा स्टेट सेटलमेंट नहीं है ना ही जाति से संबंधित कोई अन्य दस्तावेज। सभी दस्तावेजों में इनकी जाति पंडो अंकित है। ये सभी पण्डो समाज की परंपराओं का पालन करते हैं साथ ही आपस में शादी विवाह करते हैं। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में पण्डो समाज के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित अन्य शासकीय सुविधाओं एवं शासकीय नौकरी से वंचित हो रहे हैं जाति प्रमाण पत्र प्रक्रिया का सरलीकरण करने एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव पर प्रमाण पत्र जारी करने से समुदाय के युवाओं को शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा उनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आएगा। अपर कलेक्टर ने इस संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

### अलग अलग सड़क दुर्घटना में बालिका व किशोर की मौत

**अम्बिकापुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए बालिका व किशोर की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बालिका कार की टक्कर से जबकि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम डाला बहरा निवासी श्रृष्टी पिता मंगल साय (6 वर्ष) मंगलवार को दिन 12 बजे घर से निकली थी। जैसे ही बालिका सड़क पर पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 16 सीएम 9428 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बालिका को भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में लटोरी अंतर्गत ग्राम जुड़वानी निवासी मंगलवार को शहर आ गया था। शाम को बाइक से वापस घर जा रहा था और जैसे ही महेशपुर के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख राहगीरों ने परिजन को सूचना देने के पश्चात घायल हो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत किशोरी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों ने एक दूसरे को जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम डुमकी निवासी ओम प्रकाश पावले आ. ढलगु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बेल झरिया नाला पास पिता द्वारा कब्जा जमीन है। मंगलवार को खेत की ओर गया तो देखा जमीन के पास सोहर मिंज द्वारा जेसीबी से खेत बनवा रहा था। जिसे देख मना किया तो सोहर मिंज गाली-गलौज करते हुए जेसीबी के राड से मारपीट करना शुरू करने लगा। इधर सोहर मिंज आ. जयराम मिंज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मंगलवार को ग्राम डुमकी बेलझरिया ना‌ा के पास अपने खेत को बनवा रहा था तभी रामकेवल पावले हथौडी लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे सिर में चोटे आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर समान धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पीएम जनमन योजना के तहत बनाई गई है सड़क

# बनने के कुछ दिन बाद ही उखड़ रही सड़क घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

लंबे समय से जर्जर सड़क की दंश झेल रहे ग्रामीणों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह है कि करोड़ों की लागत से सड़क बनाई जा रही है लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क बने अभी कुद ही दिन हुए कि अब सड़क उखड़ने लगी है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नवनिर्मित सड़क कितना टिकाऊ है। बनने के बाद सड़क के उखड़ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

**खास बात**
- 3.63 करोड़ की सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप

प्रधानमंत्री जनमन कार्य योजना के तहत पटना भण्डारपारा से नवापारा तक लगभग 5.90 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क निर्माण के लिए करीब 3 करोड़ 63 लाख 12 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क के कई जगह उखड़ने से अब इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। इधर घटिया सड़क निर्माण कराए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण पूरा हुआ अभी ज्यादा समय भी नहीं हुआ है, लेकिन कई जगहों पर डामर की परत उखड़ने लगी है और गिट्टियां बाहर आने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर अभी से सड़क की ऐसी हालत है तो आने वाले समय में सड़क की हालत कैसी होगी यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि सामरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक और सांसद दोनों निवास करते हैं। बावजूद, इसके प्रधानमंत्री जनमन योजना के कार्यों में इस तरह की लापरवाही देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की अनदेखी के कारण न सिर्फ निर्माण गुणवत्ताहीन किया जा रहा है बल्कि किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से ठेकेदार के हौसले बुलंद हो गए है और मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



गुणवत्ताहीन नवनिर्मित सड़क।

**पाइप पर कर दिए डामरीकरण**

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क के बीच में जहां पानी निकासी के लिए क्रॉसिंग बनाई जानी थी, वहां सही तरीके से निर्माण नहीं किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक वहां केवल पाइप डालकर उसके ऊपर डामर की परत चढ़ा दी गई है, जिससे बरसात के दौरान सड़क के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ गई है।

**ग्रामीणों ने की जांच कराने की मांग**

सड़क निर्माण में गड़बड़ी किए जाने पर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि 3.63 करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़क की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जांच उपरांत दोषी पाए जाने वाले ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रही अनियमितताओं पर रोक लग सके और लोगों को गुणवत्तापूर्ण सड़क मिल सके।

**कराई जाएगी जांच**

पटना भण्डारपारा से नवापारा तक बनी सड़क कुछ दिन बाद उखड़ रहे है तो इसकी जानकारी नहीं है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-जीएस सिदार
कार्यपालन अभियंता



## नगर के मुख्य बाजार की पहचान बना पीपल का पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के हृदय स्थल पर स्थित पीपल का पेड़ आज भी मुख्य बाजार की पहचान बना हुआ है। करीब 8 दशक से अधिक समय से यह स्थान पीपल पेड़ मुख्य बाजार के नाम से जाना जाता है। समय के साथ नगर का विस्तार और बाजार का दायरा भले ही बढ़ गया हो, लेकिन इस पीपल पेड़ की महत्ता और पहचान आज भी पहले जैसी बरकरार है।

- 8 दशक से नगर के विकास का साक्षी

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले नगर का मुख्य बाजार पीपल पेड़ के आसपास करीब 100 मीटर की परिधि में ही सीमित हुआ करता था। यहीं से व्यापारिक गतिविधियों की शुरुआत होती थी और आसपास की दुकानों पर ही लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो जाती थीं। धीरे-धीरे नगर का विकास हुआ और बाजार का विस्तार दूर-दूर तक फैल गया, लेकिन पीपल का यह पेड़ आज भी पुराने समय की यादों को संजोए हुए खड़ा है। नगर के पुराने व्यापारियों का कहना है कि यह पेड़ केवल एक पेड़ नहीं बल्कि रामानुजगंज के विकास का जीवंत साक्षी है। वर्षों से यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए यह स्थान पहचान का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। लोग आज भी किसी को पता बताते समय पीपल पेड़ मुख्य बाजार का ही जिक्र करते हैं। किराना दुकान संचालक संजय गुप्ता बताते हैं कि पीपल का यह पेड़ मुख्य बाजार की पहचान है। वर्षों से लोग इसी स्थान के नाम से बाजार को जानते हैं। उनका कहना है कि समय बदल गया है, लेकिन इस पेड़ की पहचान और महत्व आज भी कायम है। वहीं कपड़ा व्यवसायी दीपक सोनी का कहना है कि पीपल पेड़ से ही उनके दुकान की पहचान जुड़ी हुई है। बाहर से आने वाले लोग भी उसी पेड़ के नाम से बाजार का पता पूछते हैं। उनके अनुसार यह स्थान न केवल व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि नगर की पुरानी विरासत और इतिहास को भी दर्शाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पीपल का पेड़ रामानुजगंज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रतीक है। बदलते समय के साथ भले ही बाजार आधुनिक हो गया हो लेकिन इस पेड़ से जुड़ी यादें और इसकी पहचान आज भी नगर वासियों के दिलों में उतनी ही मजबूत बनी हुई है।

## भाई ने मोबाइल छीना तो किशोरी ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** मोबाइल देखते समय भाई द्वारा मोबाइल छीन कर भाग जाने से क्षुब्ध हुई बहन ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी प्रवंती कुमार पिता कुंवर कुमार नायक (17 वर्ष) 9 मार्च को भाई सूर्य लाल, चाचा के पुत्र के साथ घर में थी जबकि पिता कुंवर कुमार अपने चारों भाई व मां व पत्नी के ग्राम डिण्डो निवासी बहन के यहां मेहमानी में गए थे। इसी दौरान दोपहर को प्रवंती घर में मोबाइल देख रही थी। इसी बीच भाई सूर्य लाल बहन के हाथ से मोबाइल छीन कर बैल को पानी पिलाने चला गया इधर भाई द्वारा मोबाइल छीन लेने से प्रवंती नाराज हो गई और घर में रखे पुराना कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर पड़ोस में रह रहे रिश्तेदार उसके घर पहुंचे तो देखा प्रवंती छटपटा रही थी। प्रवंती के कीटनाशक पी ले पर रिश्तेदार ने उसके पिता को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल किशोरी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर वाड्रफनगर अस्पताल भेज दिया। चिकित्सकों ने किशोरी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश परिजन के सुपुर्द किया है।

## क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए जनपद सदस्य ने की पानी टैंकर की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

क्षेत्र में पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के जनपद पंचायत सदस्य दशरथ सिंह द्वारा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए एक पानी टैंकर की व्यवस्था की। इस पहल से क्षेत्र के ग्राम पंचायत करवां, बिहारपुर, गजाधरपुर, महेशपुर के लोग पेयजल की व्यवस्था से लाभान्वित होंगे। लंबे समय से पेयजल की कमी से जूझ रहे ग्रामीणों को अब नियमित रूप से टैंकर के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

जनपद पंचायत सदस्य दशरथ सिंह ने बताया कि लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रमुखता से जनपद पंचायत निधि से व्यवस्था कराया गया है। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना ही पहला कर्तव्य है और वे हमेशा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम एवं शादी समारोह हेतु पूरी तरह से निःशुल्क जल व्यवस्था किया जाएगा। साथ ही गर्मी के दिनों में पानी की विकराल समस्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है ताकि किसी को जल आपूर्ति हेतु जद्दोजहद न करना पड़े। क्षेत्रवासियों ने भी इस पहल की सराहना की। पानी टैंकर को ग्राम पंचायत करवां के प्रतिनिधियों के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर सुपुर्द किया। इस दौरान ग्राम पंचायत करवां सरपंच श्रीमती निरूपा सिंह, मीर हसन अंसारी, टिकेश राजवाड़े, पंचायत सचिव मदन राजवाड़े, सोना लाल राजवाड़े सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## जनजातीय सुरक्षा मंच की हुई बैठक, डीलिस्टिंग की मांग को लेकर दिल्ली में होगी महागर्जना रैली

**रामानुजनगर।** सामुदायिक भवन में जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले डीलिस्टिंग की मांग को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित महागर्जना रैली में शामिल होने के लिए जनजातीय समाज के लोगों से कहा गया । बैठक में निर्णय लिया गया कि विकासखंड के सभी गांवों में ग्राम समितियों का गठन किया जाएगा और दिल्ली जाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का ग्राम स्तर पर जनसंपर्क कर पंजीयन कराया जाएगा। जनजातीय समाज का कहना है कि आदिवासी आरक्षण का लाभ ऐसे लोग भी ले रहे हैं, जिन्होंने अपनी पारंपरिक जनजातीय संस्कृति छोड़कर अन्य धर्म अपना लिया है।

समाज की मांग है कि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें आरक्षण की सूची से बाहर किया जाए। इसी मांग को डीलिस्टिंग कहा जा रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक संत सिंह और जिला संगठन मंत्री गोपाल ने बताया कि आंदोलन लगातार चल रहा है और अब गांव-गांव में ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित हुंकार रैली में देशभर से लगभग 10 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। साथ ही प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर डीलिस्टिंग की मांग भी की जा रही है। देशभर से एक करोड़ पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक लगभग 5 लाख पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। बैठक में जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह, विकासखंड संयोजक सुंदर सिंह, जनपद अध्यक्ष रामानुजनगर गुलाब सिंह, किरण खेस, आमवती नेताम, जयंती भगत, विमला भगत, सुरेश मरकाम, अदल सिंह, अनीता सिंह, महेंद्र सिंह, अमर सिंह, पवन सिंह, महेन्द्र कुमार सिंह, राम सिंह, रामानंद सिंह, अनिता सिंह, आनदकुवर सिंह, लखन सिंह, हीरा सिंह सहित जनजाति सुरक्षा मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




गोंडवाना भवन में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के प्रदेश स्तरीय निर्देशानुसार संगठनात्मक विस्तार के तहत विकासखंड की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

कार्यक्रम में सर्व सहमति से शिव प्रताप सिंह आयाम को सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग विकासखंड का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं मनोज सिंह पोया को ब्लॉक मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि देवसाय सिंह बैगा ने आदिवासी महापुरुषों के संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को मोबाइल, डिजिटल और कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी। जिला महासचिव लाल बियार ने कहा कि यदि हम आदिवासी समाज में जन्म लिए हैं तो समाज के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है। त्रिभुवन सिंह टेकाम ने संविधान में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों पर चिंतन की आवश्यकता बताई। सोशल एक्टिविस्ट एवं सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष बीपीएस पोया ने युवाओं को अपनी आवाज स्वयं बनने और पुस्तकें पढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज में नशा मुक्ति के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जाएगा तथा युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के नेतृत्व में स्थानीय आरक्षण, पेसा कानून तथा ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार पहल की जाएगी। बैठक में जसवंत सिंह,गौरीशंकर नेताम, अंजली सिंह उईके, सूरतिया उईके, विपेन्द्र प्रताप कोर्राम, कमलेश्वरी उईके, गुरुदयाल सिंह, लक्ष्मण सिंह आर्मो, जय सिंह, शामपति सिंह, चंद्रशेखर सिंह, हीरमेन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

## गिरने से गंभीर हुई महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जंगल में लकड़ी लेने गई महिला पत्थर में फिसल कर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

- देवरानी के साथ जंगल में गई थी लकड़ी लेने

जानकारी के अनुसार करौधा थाना अंतर्गत ग्राम मदगुरी निवासी वैजयंती बरगाह पति प्रदीप बरगाह (38 वर्ष) 5 मार्च को देवरानी मीना के साथ गांव के समीप जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान पत्थर पर फिसल कर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## *तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव 23 से देशभर के पहलवान दिखाएंगे ताकत*

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ देवी धाम द्वारा तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। इस बार 23 मार्च से 25 मार्च तक कुदरगढ़ महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया है। महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने कुदरगढ़ स्थित नवीन रेस्ट हाउस में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा तय करने के साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, अग्निशमन व्यवस्था, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में बिन्दुवार चर्चा की। कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने आयोजन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने एसडीएम एवं जनपद सीईओ को मंदिर परिसर के आसपास दुकान लगाने वाले व्यवसाइयों की बैठक की कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने एवं कचरा प्रबंधन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायतों को पानी टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

# मानकों के विपरीत कराया जा रहा चेकडेम का निर्माण, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से दर्जनों पंचायतों में बनाए जा रहे चेक डेम स्तरहीन तरीके से निर्मित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लड़ुआ, सिंगचौरा, चंद्रगढ़, पतरापारा, चिलमा, बाड़ी चलगली, कौड़ू, बदौली, करवा, अलखडीहा, परती, पकराड़ी, डिगनगर, कुंदीखुर्द, पहाड़ खड़ूवा और खोखनिया सहित



दर्जनों पंचायतों में चेक डेम निर्माण का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चेक डेम की मजबूती और उपयोगिता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि समय रहते निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में इन संरचनाओं के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा के तहत चल रहे इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जहां भी अनियमितता पाई जाए वहां जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

**कराया जाएगा सुधार**

चेक डेम निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जा रहा हैं। अगर निर्माण में कोई त्रुटि हुई होगी तो उसे सुधार कराया जाएगा।


-जानू राम सोनवानी
एसडीओ आरईएस

## एचआईवी, एड्स पर कार्यशाला में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में एचआईवी/एड्स प्रिवेंशन एवं कंट्रोल एक्ट 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य एड्स नियंत्रण समिति,संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स अधिनियम 2017 के प्रमुख प्रावधानों, संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने, सूचित सहमति तथा भेदभाव निषेध के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में शिकायत निवारण तंत्र एवं संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान यह संदेश दिया गया कि



एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव कानूनन दंडनीय है, इसलिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उन्हें सम्मानजनक, गोपनीय एवं समान स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य कर्मियों से अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी पालन और समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रमेश आर्य, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. प्रतिमा वर्मा, डॉ. जगरानी लकड़ा, डॉ. जीके दामले, सुशील तिवारी, सतीश कुशवाहा तथा आराधना उपस्थित रहे।



# भूत बंगला का पोस्टर जारी अक्षय पेड़ से उल्टा लटके दिखे

**मुंबई।** अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है, लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है।

## लाइफ Style

# अदा
## बर्बाद हो गई है मेरी जिंदगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन, फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है।

इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला।



## हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज

**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें।




# खुलकर बताया जेल के अंदर का अनुभव

**लॉस एंजेलिस ।** पूर्व फिल्म निर्माता हार्वे वेनस्टीन दुष्कर्म के आरोपों के चलते जेल में बंद हैं। इस दौरान उन्होंने खुद पर जेल के अंदर हो रहे हमलों के बारे में बताया साथ ही घरवालों से बेहद कम संपर्क होने की बात की। फिलहाल हार्वी रिकर्स आइलैंड मे कैद हैं। 73 वर्षीय वेनस्टीन बलात्कार के आरोप में जेल में हैं। वह अब इस मामले में कोर्ट के पुनर्विचार की तैयारी में हैं। हाल ही में हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत के दौरान उन्होंने जेल में अपने दिनों के बारे में बताया। जिसमें उन्होंने कहा कि कारावास काफी असुरक्षित है यहां हद से ज्यादा एकांत है। वह सारा दिन कोठरी में बिताते हैं और अन्य कैदियों से काफी कम संपर्क रखते हैं। फिल्म निर्माता हार्वी वाइंस्टीन ने अपने इंटरव्यू में दावा किया। एक बार जेल में उनपर हमला भी हो चुका है।



# अदिवि-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** आगामी 19 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है। इसकी रिलीज से पहले कई फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट में बदलाव किए हैं। इसमें अब 'डकैत' का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नीम करोली बाबा की भूमिका में दिखेंगे

**मुंबई।** भारत में धार्मिक मान्यताओं का अपना महत्व है। इन्हीं मान्यताओं के हिसाब से हनुमान जी के अवतार माने जानेवाले नीम करोली बाबा के भक्तों में देश और दुनिया भर के लोग शामिल हैं। कहा जाता है कि उनके भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग शामिल हैं। अब नीम करोली बाबा पर एक फिल्म बनकर तैयार है। इस फिल्म में नीम करोली बाबा के रोल में मराठी एक्टर सुबोध भावे नजर आनेवाले हैं। पूजनीय आध्यात्मिक गुरू नीम करोली बाबा के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है। फिल्म प्रड्यूसर शरद सिंह ठाकुर नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की जीवनी पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए नीम करोली बाबा के परिवार से सहमति ले ली गई है और उनकी जिंदगी को लेकर काफी रिसर्च भी किया गया है।

## टीवी मसाला




# बहन की मौत के बाद उसके बच्चों की मां बनी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** 'हप्पू की उल्टन पलटन' में राजेश हप्पू सिंह का रोल प्ले करने वालीं गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की खातिर कभी शादी न करने का फैसला किया। बहन की मौत हुई तो उनके बच्चों की जिम्मेदारी गीतांजलि ने ली और मिसाल कायम की। पर कभी रिश्तेदारों ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनकी कहानी भावुक कर देगी। गीतांजलि मिश्रा....इन्हें आपने 'क्राइम पेट्रोल' से लेकर 'सावधान इंडिया', 'बालिका वधू' और अब 'हप्पू सिंह की उल्टन पलटन' जैसे टीवी सीरियलों में देखा होगा। 'हप्पू की उल्टन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा ने एक्ट्रेस कामना पाठक को रिप्लेस किया और राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो इंस्पेक्टर हप्पू सिंह की पत्नी हैं। गीतांजलि मिश्रा भले ही राजेश सिंह का कॉमिक किरदार निभा रही हैं, पर उन्हें लोग उनके निभाए नेगेटिव किरदारों के लिए ही याद करते हैं। इस कारण उन्हें लोगों की भी खूब बातें और ताने सुनने पड़े। एक्ट्रेस आज भी सिंगल हैं? गीतांजलि मिश्रा 39 साल की हो चुकी हैं, पर उन्होंने बहन के बच्चों की खातिर अपना घर नहीं बसाया। बहन के गुजर जाने के बाद गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की मां बनकर एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसके बारे में जान हर कोई गर्व करेगा। गीतांजलि मिश्रा की जड़ें बनारस से जुड़ी हुई हैं। उनके मम्मी-पापा बनारस के रहने वाले हैं, पर वह खुद मुंबई में पैदा हुई थीं। हालांकि, पिता का कई साल पहले निधन हो गया, जिसके बाद मां ने उन्हें अकेले ही पाला। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 5 साल की थीं, तो तभी मां उन्हें लेकर मुंबई आ गईं। मुंबई में मां ने दूध और सब्जी बेचकर पैसे कमाए ताकि गुजारा हो सके। गीतांजलि की एक बहन भी थी, पर साल 2017 में उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## दीपिका के मन में बैठ गया है डर

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ को पिछले साल लिवर में कैंसर का पता चला था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था लेकिन ये बीमारी फिर उभर आई। जिसकी सर्जरी फरवरी महीने में हुई थी। उसके बारे में शोएब ने सारा अपडेट फैंस को दिया था। अब लेटेस्ट व्लॉग में उन्होंने और उनके पति शोएब इब्राहिम ने यूट्यूब चैनल पर डेली लाइफ रूटीन शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो गईं। क्योंकि उनका अगले हफ्ते ब्लड टेस्ट होना है। उन्होंने कहा कि उनके मन में एक डर बैठ गया है। दीपिका कक्कड़ ने अभिनय से दूरी बना ली है। वह अपनी हेल्थ के कारण परेशान रहती हैं। लेटेस्ट व्लॉग में शोबए ने बताया कि एक्ट्रेस को अपनी नई डाइट और रूटीन के कारण कुछ दिन अजीब लगे। उन्होने कहा, 'दीपिका की नई डाइट बनाई गई है। वह उसे फॉलो कर रही हैं। सुबह 7 बजे रोज उठती हैं और टहलने जाती हैं। इसके बाद शाम 7 बजे के बाद वह कुछ खा नहीं सकती हैं।'



# जुनैद और साई की मूवी एक दिन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जुनैद खान और साई पल्ववी स्टारर 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें दोनों की क्यूट और सुकून भरी लव स्टोरी देखने को मिल रही है। हफ्तों के बढ़ते इंतजार के बाद, आमिर खान प्रोडक्शंस ने आखिरकार फिल्म 'एक दिन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म थिएटर्स में 1 मई को रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत बहुत ही सुकून भरी और दिल को छू लेने वाली दुनिया से होती है, जो दर्शकों को एक जादुई और क्लासिक प्रेम कहानी की झलक देती है। ट्रेलर में जुनैद खान एक 'फॉर्च्यून बेल' (किस्मत की घंटी) के बारे में बताते दिख रहे हैं, जिसे बजाने पर सच्चे प्यार की मुराद पूरी होती है। जब वह यह बात कह रहे होते हैं, तब वह साई पल्लवी के किरदार 'मीरा' की तरफ देखते हैं और मन ही मन दुआ करते हैं कि काश वो उनकी हो जाए। वह कहते हैं कि वह चाहते हैं कि उनकी यह ख्वाहिश पूरी हो, भले ही सिर्फ एक दिन के लिए।



ट्रेलर में जुनैद और साई पल्लवी के बीच की प्यारी केमिस्ट्री देखने को मिलती है, जो एक इमोशनल और दिल को छू लेने वाली लव स्टोरी का इशारा दे रही है। दोनों किरदारों के बीच का अंतर साफ नजर आता है। जुनैद एक प्यारे और थोड़े झिझकने वाले लड़के के रूप में दिख रहे हैं, जो अपने रोल में मासूमियत और सादगी लेकर आए हैं, वहीं साई पल्लवी कॉन्फिडेंट और शांत नजर आ रही हैं। यह कॉन्ट्रास्ट उनकी केमिस्ट्री को और भी दिलचस्प और ऐसा बनाता है जिससे लोग खुद को जोड़ सकें, जिससे उनकी कहानी देखने में और भी मजेदार लगती है। फिल्म का टाइटल ट्रैक, जो कुछ दिन पहले रिलीज हुआ था और जिसे अरिजीत सिंह के होमटाउन में शूट किया गया है, उसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला।

# धुरंधर 2 और उस्ताद भगत सिंह से पहले इन फिल्मों के बीच हो चुका है क्लैश...

**मुंबई।** 19 मार्च को 'धुरंधर 2' और 'उस्ताद भगत सिंह' के बीच बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होने वाली है। इससे पहले भी बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हो चुके हैं। बॉक्स ऑफिस क्लैश का मुकाबले दिखाते हैं कि अच्छी कहानी, स्टार पावर और दर्शकों का प्यार दोनों ही फिल्मों को सफल बना सकता है

***गदर 2/ जेलर :*** सनी देओल की 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई थी। सनी की इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। एक दिन पहले 10 अगस्त को रजनीकांत की 'जेलर' रिलीज हुई थी, जो तमिलनाडु और विदेशों में बहुत सफल रही। दोनों फिल्में अलग-अलग जगहों में हिट हुईं और साथ-साथ अच्छा बिजनेस किया।



***डंकी/ सालारः भाग 1 :*** शाहरुख खान की फिल्म डंकी 21 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। वहीं साउथ स्टार प्रभास की एक्शन फिल्म सालार 22 दिसंबर को रिलीज हुई थी। 'सालार' ने बड़े स्क्रीन्स और दक्षिण में दबदबा बनाया, जबकि 'डंकी' शहरों के मल्टीप्लेक्स में अच्छी चली। दोनों में कड़ी टक्कर दिखाई दी।

***जीरो/ केजीएफ 1 :*** 21 दिसंबर 2018 को शाहरुख खान की 'जीरो' और यश की 'केजीएफः चैप्टर 1' आमने-सामने आईं। 'जीरो' उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, लेकिन 'केजीएफ' ने पूरे देश में जमकर कमाई की। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाई दी।

***वॉर 2/ कुली :*** पिछले साल 2025 में 14 अगस्त को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' और रजनीकांत की 'कुली' रिलीज हुईं। 'वॉर 2' उम्मीद के मुताबिक नहीं चली, जबकि 'कुली' ने अच्छा बिजनेस किया। इन दोनों फिल्मों के मुकाबले में 'कुली' ने बाजी मारी।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी/ कांतारा चैप्टर 1 :*** पिछले साल 2 अक्टूबर को वरुण धवन-जान्हवी कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 आमने-सामने आईं। शहरी दर्शकों के लिए बॉलीवुड फिल्म की उम्मीद थी, लेकिन 'कांतारा' के सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।

## 98वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह 15 को, ऑस्कर में ऐसा रहा भारत का इतिहास

# अब तक इन कलाकारों ने अपने नाम की द गोल्डन बॉय ट्रॉफी

### भारत की किसी फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर

ऑस्कर अवॉर्ड को अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इन्हें साल 1927 में शुरू किया गया था, लेकिन पहला अवॉर्ड 1929 में आयोजित हुआ था। 98 साल के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। साल 1957 में पहली बार भारत से महबूब खान की फिल्म 'मदर इंडिया'को ऑस्कर भेजा गया था। लेकिन, फिल्म सिर्फ एक वोट से हॉलीवुड फिल्म 'नाइट्स ऑफ कैबिरिया'से पीछे रह गई और अवॉर्ड जीतने से चूक गई। इसके बाद 1989 में 'सलाम बॉम्बे, 2003 में 'लगान' और 2004 में मराठी फिल्म 'श्वास'को फाइनल नॉमिनेशन मिला, लेकिन तीनों ही फिल्में अवॉर्ड नहीं जीत सकीं।

*नई दिल्ली। फिल्म जगत के सबसे प्रमुख ऑस्कर अवॉर्ड के 98वें संस्करण का आयोजन 15 मार्च को होगा। लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड समारोह में भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देखा जा सकेगा।*



### सिर्फ 9 भारतीयों को मिला ऑस्कर

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से सिर्फ नौ भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉड्र्स मिला है। इनमें भानू अथैया से लेकर, सत्यजीत रे, एआर रहमान, गुलजार, रेसुल पूकुट्टी, एमएम कीरवानी, चंद्रबोस, गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस के नाम शामिल हैं।

### प्रियंका बनेंगी प्रेजेंटर

भारतीय फैंस के लिए इस बार का ऑस्कर और भी खास है। इस बार ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इस समारोह में प्रेजेंटर के तौर पर नजर आएंगी। वह मंच पर विजेताओं को अवॉर्ड देती दिखाई देंगी। उनके साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और ऐन हैथवे जैसे बड़े हॉलीवुड सितारे भी मंच पर नजर आएंगे, जिससे इस साल का शो और भी ग्लैमरस होने की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### जिला एवं सत्र न्यायालय में विश्व महिला दिवस मना



**बैकुण्ठपुर।** छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में 8 मार्च को अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में भव्य रूप से अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक की गरिमामयी उपस्थिति रही साथ ही बैकुंठपुर जिला न्यायालय में पदस्थ सभी न्यायाधीशगण एवं मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला न्यायालय में कार्यरत कर्मचारीगण एवं व्यवसायरत महिला अधिवक्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपस्थित अतिथिगण एवं महिलाओं का स्वागत बैज एवं तिलक लगाकर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसमें कविता पाठ्न एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में कार्यरत महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्तागण द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान और समर्पण के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के द्वारा समाज में नारी के योगदान, उपलब्धियों और समर्पण पर विशेष प्रकाश डालते हुए नारी का सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया गया।

### भाजपा कार्यालय का घेराव केवल राजनीति

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने कांग्रेस



द्वारा भाजपा जिला कार्यालय के घेराव किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित कदम है। जब प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, तब कांग्रेस का इस तरह विरोध करना कई सवाल खड़े करता है। श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की जा रही है, ताकि अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके, लेकिन हैरानी की बात है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस कार्रवाई का विरोध करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग पहले यह स्पष्ट करें कि वे आखिर चाहते क्या हैं। क्या कांग्रेस अवैध अफीम की खेती करने वालों का समर्थन कर रही है। यदि प्रशासन कानून के तहत कार्रवाई कर रहा है तो उसका विरोध करना कहीं न कहीं अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग यह भी बताएं कि उनके नेता कवासी लकमा और चैतन्य बघेल इतने दिनों तक जेल में क्यों रहे।

**आम सूचना**
**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय**
**बैकुंठपुर कोरिया छ.ग.**
वास्ते पेश-श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय बैकुंठपुर के समक्ष
**शपथ पत्र**
मैं अनिता देवी पांडेय पति स्व. किशुन नारायण पांडेय आयु-55 वर्ष निवास ग्राम तलवापारा तहसील बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. की निवासी हूँ जो निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करती हूँः-
1- यह कि मेरा आधार कार्ड बना है जिसका आधार नंबर-977503361972 है।
2- यह कि मेरे उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम नन्दनी देवी दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम अनिता देवी पांडेय है।
3- यह कि मैं उक्त हुई त्रुटि को सुधार कराना चाहती हूँ जिस हेतु समस्त शर्तो का पालन करने को तत्पर हूँ।
हस्ता.शपथकर्ता
**सत्यापन**
मैं अनिता देवी पांडेय सत्यापन करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्र.1 से लगायत 3 तक के कथन सत्य व सही है। आज दिनांक-20/02/26 को बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।
हस्ता.शपथकर्ता

## चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू, 19 से शुरू होगा पर्व

# नौ दिनों तक देवी मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर


शक्ति की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र को लेकर जिले के देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। 19 मार्च से शक्ति की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ साज -सज्जा का काम तेजी से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र पूरे नौ दिनों तक होगा, इसलिए इस दौरान श्रद्धालु शक्ति के देवी की भक्ति में लीन रहेंगे। पंडितों के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र में शुभ संयोग बन रहा है। पहले दिन 19 मार्च को प्रतिप्रदा तिथि पर घट स्थाना के साथ मां दुर्गा का आगमन डोली पर होगा। घट स्थापना के दौरान ग्रहो का दुर्लभ संयोग अत्यंत शुभ फलदायक साबित होगा। वहीं 19 मार्च को जहां चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इसी दिन विक्रम नववर्ष भी शुरू हो रहा है, इससे खुशियां दुगुनी हो जाएगी, इसके साथ ही पूरे नौ दिनों तक शक्ति के देवी की आराधना विधि -विधान के साथ की जाएगी। देवी मंदिरों में माता के जयकारे के साथ जसगीत गुंजने शुरू हो जाएंगे। तेज धूप के बीच भी भक्ति कम नहीं होगी। विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु दूर-दूर तक देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्र पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं दर्शन करते हैं।

### महामाया मंदिर में जलेंगे हजारों मनोकामना दीप



चैत्र नवरात्र के अवसर पर जहां देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, वहीं इस अवसर पर प्रमुख देवी मंदिरों में हजारो संख्या में मनोकामना दीप जगमग होंगे। मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा के बीच ज्योति दीप की जगमग रौशनी मन को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडॉड स्थित मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। यहां बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित की जाती है। साथ ही यहां कोरिया-एमसीबी के अलावा, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही तथा कोरबा जिले से भी काफी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते हैं। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब पूरे नौ दिनों तक उमड़ेगा। प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी जुटती है कि मंदिर परिसर व क्षेत्र में मेले जैसा नजारा बना रहता है। सुबह होने के साथ ही श्रद्धालु माता के दर्शन एवं मत्था टेकने के लिए पहुंचने लगते हैं और यह क्रम शाम ढलने के बाद तक बनी रहती है।



## अस्पताल बंद रहने से पशुओं के उपचार में हो रही देरी

# दो माह से बंद है पशु अस्पताल

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर



**नियमित संचालित करेंगे**

पशु अस्पताल के बंद रहने की जानकारी मिलने पर विभागीय स्तर पर चर्चा की गई है। जल्द ही स्टाफ की व्यवस्था कर अस्पताल को नियमित रूप से संचालित कराया जाएगा।

**डॉ. बीबी चौधरी**
उप संचालक, पशुपालन विभाग, अनूपपुर।

जिले के ग्राम बेलिया बड़ी में स्थित शासकीय पशु अस्पताल पिछले करीब दो माह से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लटका होने के कारण बीमार पशुओं का इलाज नहीं हो पा रहा है और किसानों को मजबूरन दूसरे गांवों में दवा और उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार इस अस्पताल पर डॉक्टर की पदस्थापना कागजों में तो है, लेकिन हकीकत में अस्पताल लंबे समय से नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। पिछले दो महीनों में एक भी दिन अस्पताल खुलने की जानकारी नहीं मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि वर्षों से अस्पताल की स्थिति लगभग यही बनी हुई है, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हाल ही में एक किसान अपने बीमार पशु के लिए दवा लेने अस्पताल पहुंचा था। उसे उम्मीद थी कि यहां इलाज मिल जाएगा, लेकिन अस्पताल के दरवाजे पर भारी ताला लटका देख उसे निराशा हाथ लगी। किसान ने बताया कि वह पशु के इलाज की उम्मीद लेकर आया था, मगर अस्पताल बंद मिलने से उसे वापस लौटना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि बेलिया बड़ी सहित आसपास के चार से पांच गांवों के सैकड़ों पशुपालक इस अस्पताल पर निर्भर हैं। अस्पताल बंद रहने से पशुओं के उपचार में देरी हो रही है, जिससे कई बार पशुओं की हालत गंभीर हो जाती है। पशुपालकों ने कई बार प्रशासन से शिकायत और गुहार भी लगाई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि अस्पताल में नियमित डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुपालकों को समय पर उपचार मिल सके, उनका मानना है कि पशुधन ही उनकी आजीविका का प्रमुख आधार है और इलाज के अभाव में पशुओं की जान जोखिम में पड़ जाती है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेखा सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा मानस भवन बैकुंठपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम गिव टू गेन रखा गया था। इस अवसर पर समाज में महिला सशक्तिकरण और जागरूकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर की संचालिका बीके रेखा बहन को भी आमंत्रित किया गया था। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए अंतर्राष्टीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में कोरिया पुलिस द्वारा आयोजित एक कदम स्वावलंबन से स्वाभिमान की ओर महिला जागरूकता कार्यक्रम में उन्हें शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने ब्रह्माकुमारी बहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी आमंत्रित कर उनका सम्मान किया और समाज में उनके द्वारा किए जा रहे।

## पीलिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर



**मनेन्द्रगढ़।** नगर में पीलिया (जॉन्डिस) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। शहर के कई वार्डों में पीलिया के मरीज सामने आने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। एहतियात के तौर पर नगर के फिल्टर प्लांट से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेयजल की गुणवत्ता में कहीं कोई कमी तो नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर में व्यापक सर्वे अभियान भी चलाया जा रहा है। मितानिनें घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रही हैं और संभावित मरीजों की पहचान कर रही हैं। साथ ही लोगों को स्वच्छ पानी पीने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी जा रही है। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, नगर पालिका रके मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान तथा फूड सेफ्टी ऑफिसर की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। भगत सिंह तिराहा और बस स्टैंड क्षेत्र में खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में स्वच्छता की कमी पाई गई, जिस पर अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी।

## कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

### कुमार चौक से पैदल मार्च कर गए छिंदडांड भाजपा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर





दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किए जाने के मामले के विरोध में गुरूवार को को कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत 12 मार्च को सैकड़ों की संख्या में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में रैली के रूप में पैदल मार्च निकालते हुए राजीव भवन से कुमार चौक होते हुए छिंदडाड़ स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती का मामला सामने आया था, वहीं हाल ही में बलरामपुर जिले में भी अफीम की खेती उजागर होने से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश में नशे के कारोबार को रोकने में सरकार पूरी तरह विफल रही है और यह साफ होता दिखाई दे रहा हैं कि भाजपा नशे के कारोबार को संरक्षण दे रहे हैं। भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार बढ़ने से प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधि स्थिति के खिलाफ निरंतर संघर्ष करती रहेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी लाल राजवाड़े, सुरेश सिंह, अजीत लकड़ा, आशीष यादव, पार्षद एवं जिला सचिव धीरज शिवहरे, हेमसागर यादव, प्रवीर भट्टाचार्य, भूपेन्द्र यादव, चांदनी सोनी, दीपक गुप्ता, राहुल जायसवाल, अविनाश पाठक, आशीष डबरे, अनिल जायसवाल, सौरभ गुप्ता, अनित दुबे, सुमन दुबे, राजीव गुप्ता, विकाश श्रीवास्तव, प्रांजल जायसवाल, विपुल शुक्ला, राजू भगत, जाग्रत कुर्रे, एसएन मोदी, पीर मोहम्मद चिंटू, संतोष गोयन, अकिल, अब्दुल, अमित, रामसाय सोरी, मोहन यादव, बसंत सिंह, रमेश पड़वार, रंजीत चापेकर, दीपक खत्री, परेश कुमार सिंह, अमन देवांगन, मनीष कुमार सिंह, मोनू मांझी, आकाश खटीक, मनोज दुबे, अंकित गुप्ता, अमन त्रिपाठी, दिल कुमार गुप्ता, विजय चक्रधारी, मो. इस्ताक अली, शमीम खान, गणेश जायसवाल, स्वतंत्र महोबिया, अनित दुबे सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### पांचवां स्मृति दिवस दिव्यता दिवस के रूप में मना



**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर में 11 मार्च को सभी की अति प्रिय राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी का पांचवां स्मृति दिवस दिव्यता दिवस के रूप में श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में केन्द्र संचालिका बीके रेखा बहन ने दादी हृदय मोहिनी जी के जीवन और उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जी की आंखों में परमात्म प्रेम की दिव्य आभा झलकती थी। उनका रूहानी व्यक्तित्व और दिव्य गुणों से भरा जीवन लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। उन्होंने लगभग 50 वर्षों तक परमात्मा का संदेश वाहक बनकर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। 11 मार्च 2021 को वे अव्यक्त हो गइ्इं, इसलिए उनके इस दिन को हर वर्ष दिव्यता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भूमि अधिग्रहण में हो रही देरी से लटकी बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



बहुप्रतीक्षित और क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में लगातार हो रही देरी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र भेजकर अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया को अविलंब प्रारंभ कराने की मांग की है।

अधिवक्ता श्री पटेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस परियोजना से संबंधित प्रारंभिक नोटिफिकेशन भारत के राजपत्र में 8 मई 2025 को तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित अंतिम नोटिफिकेशन 27 अगस्त 2025 को प्रकाशित हो चुका है। इसके बाद भूमि स्वामियों को दिए जाने वाले मुआवजे में 50 प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी गई थी। वहीं लोक सूचना की निर्धारित अवधि भी 2 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद अभी तक भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी मानी जा रही है। इसका भूमि पूजन वर्ष 2018 में हो चुका था और उस समय इसे दो वर्षों में पूर्ण करने की सार्वजनिक घोषणा भी की गई थी। परियोजना के लिए लगभग 241.50 करोड़ रूपए का पूरा फंड पहले ही जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद काम शुरू नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ता श्री पटेल ने बताया कि इस परियोजना की लागत केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा आधी-आधी वहन की जानी है। केन्द्र सरकार द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने के बाद 9 फरवरी 2024 को प्रस्तुत बजट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने भी राज्य का हिस्सा जारी कर दिया था, इसके बाद भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भूमि अधिग्रहण की अंतिम प्रक्रिया मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय में लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि जब केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से पूरी राशि उपलब्ध है और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, तब भी भूमि स्वामियों को उनका मुआवजा देने और अधिग्रहण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। इस स्थिति से प्रभावित हितग्राहियों और क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

## भाजपा ने पुतला दहन कर टीएमसी सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा एसटी मोर्चा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में नगर पंचायत पटना के आदर्श चौक में ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर टीएमसी सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा ने कहा कि देश की राष्ट्रपति के साथ हुआ व्यवहार बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह केवल देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का ही अपमान नहीं है, बल्कि इससे पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने कहा कि यह घटना टीएमसी सरकार की मानसिकता को दर्शाती है और भाजपा इस तरह के अपमान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले में जवाब देने और माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह,नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी राकेश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, महामंत्री सत्यम साहू, सच्चिदानंद द्विवेदी,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश एक्का, राय सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री विश्वनाथ सिंह, पार्षद राजेश, रेखा वर्मा, अहिबरन सिंह, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह, जिला मंत्री रमेश पोया, देवेन्द्र ,आशीष सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला कार्यालय का घेराव, कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ चैनपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय का घेराव कर प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार, बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह, व्यंकटेश सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, जिला महामंत्री शरण सिंह, रफीक मेमन, बलबीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश पटेल, शिवांश जैन, सौरव मिश्रा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूमा चटर्जी, महिला जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्रीमती निर्मला चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शामल, सरोज चौधरी, राधा दीवान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कासिम अंसारी, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, मंडल अध्यक्ष संदीप द्विवेदी, आनंद राय, अमर सिंह, राजाराम कोल, दीपक श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि गोपाल गुप्ता, कृष्णा राय, पिंटू भास्कर, अज्जू कुमार रवि, राजेश सिंह, इमरान खान, गोपाल यादव, निखिल यादव, शंभू घोष, मुमताज खान, अमित दास, मुदित अग्रवाल सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जनहित के मुद्दों को उठाया और प्रदेश की जनता के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### होटलों में घरेलू...

गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाया गया। इस प्रतिष्ठान में 18 नग व्यवसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध पाए गए, जो नियमानुसार उपयोग में लाए जा रहे थे। खाद्य विभाग ने होटल संचालकों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजन के लिए ही किया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त